# निर्यात सूचकांक में गुजरात शीर्ष पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीति आयोग के निर्यात तैयारी सूचकांक 2021 में गुजरात लगातार दूसरे साल पहले स्थान पर आया है।

नीति आयोग की तरफ से जारी होने वाले इस सूचकांक के जरिए राज्यों की निर्यात संभावनाओं और प्रदर्शन के लिहाज से तैयारी का आकलन किया जाता है। राज्यों की निर्यात संभावनाओं के हिसाब से उनकी सूची तैयार की जाती है। शुक्रवार को जारी सूचकांक के शीर्ष पांच राज्यों में गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक के बाद तमिलनाडु और हरियाणा को जगह दी गई है। वहीं, उत्तर प्रदेश छठवें, मध्य प्रदेश सातवें, पंजाब आठवें, आंध्र प्रदेश नौवें और तेलंगाना दसवें स्थान पर हैं।

- नीति आयोग का चार पैमानों पर आकलन
- उत्तर प्रदेश शीर्ष पांच राज्यों से बाहर

सबसे निचले पायदान पर मौजूद राज्यों की बात करें तो वहां लक्षद्वीप, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, लद्दाख और मेघालय को रखा गया है। इस सूचकांक को इंस्टीट्यूट ऑफ कंपटिटिवनेस के साथ मिलकर तैयार किया गया है।